भारत सरकार
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
नाभिकीय पुन:चक्रण वर्ग
ईंधन पुनर्संसाधन प्रभाग

ट्रांबे
मुंबई- 400 085

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं. एनआईटी बीएआरसी/एफआरडी/मेंट/एनआईटी-14/2019

निविदा आमंत्रण सूचना के ब्यौरे

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से अध्यक्ष, ईंधन पुनर्संसाधन प्रभाग, नाभिकीय पुन:चक्रण वर्ग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रांबे, मुंबई-400 085 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु उन पात्र ठेकेदारों से दो भागों (भाग 'क' तकनीकी वाणिज्यिक बोली एवं भाग 'ख'– वित्तीय बोली) में **ई-निविदाकरण** के माध्यम से ऑनलाईन मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनका नाम सीपीडब्ल्यूडी, एमईएस, रेल्वे, राज्य पीडब्ल्यूडी, केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों/केंद्रीय स्वायत्त निकायों की अनुमोदित सूची में हो तथा जिन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) में ऐसे महत्वपूर्ण समान कार्य करने का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता हो।

(i) कार्य का नाम : **पीपी, बीएआरसी, ट्रांबे, मुंबई-400 085 में सफाई सामग्री की आपूर्ति एवं प्लांट परिसर की औद्योगिक सफाई।**

(ii) अनुमानित लागत : रू. **40,00,000.00**

(iii) बयाना राशि : रू. **80,000.00/-**

टिप्पणी:- मूल रूप में बयाना राशि को बोली खुलने के समय तक **लेखा अधिकारी, भापअ केंद्र, मुंबई** के नाम जारी किसी अनुसूचित बैंक की आवधिक जमा रसीद/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/पे ऑर्डर के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

बयाना राशि का एक भाग बैंक गारंटी के रूप में भी स्वीकार्य है। ऐसे मामलों में बयाना राशि का कम से कम 50% या `**20.00 लाख**, जो भी कम हो, उपर्युक्त निर्धारित रूप में होना चाहिए एवं शेष राशि निविद के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार की जा सकती है।

(iv)	निविदा प्रक्रिया शुल्क	रू. 2360.00 का भुगतान इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से ई-भुगतान करना होगा। (भुगतान के अन्य प्रकार अर्थात डिमांड ड्राफ्ट /बैंकर्स चैक / पे ऑडर स्वीकार्य नहीं हैं।)
(v)	समाप्ति की अवधि	11 कैलेन्डर माह मानसून की अवधि सहित।
(vi)	निविदा दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए उसकी उपलब्धता की तारीख	**www.tenderwizard.com/DAE** वेबसाइट पर **दिनांक 21.10.2019 (10.00 बजे) से दिनांक 06.11.2019 (23.00** बजे) तक विस्तृत एनआईटी केवल देखने के लिए वेबसाइट

		www.barc.gov.in पर भी उपलब्ध है।
क	निविदाकरण में भाग लेने के लिए एक्सेल फार्मेट में निविदा दस्तावेज की खरीद।	अपने यूजर आईडी/पासवर्ड तथा क्लास III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र की मदद से www.tenderwizard.com/DAE वेबसाइट का होमपेज लॉग इन करें। रिक्वेस्ट बटन क्लिक करें। एनआईटी के अनुसार निविदा शुल्क/निविदा प्रक्रिया शुल्क ब्योरे की प्रविष्टि करें। उसके बाद सबमिट बटन पर क्लिक करके निविदा दस्तावेज (एक्सेल फार्मेट) डाउनलोड करें।
(vii)	बोली-पूर्व स्पष्टीकरण की तारीख	ठेकेदारों से अनुरोध है कि दिनांक 08.11.2019 तक ई-मेल द्वारा अपनी बोली-पूर्व शंकाएं भेजें। सभी ठेकेदारों को बोली-पूर्व स्पष्टीकरण दिनांक 11.11.2019 को ई-मेल द्वारा भेजे जाएंगे।
(viii)	निविदाओं के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख एवं समय	दिनांक 13.11.2019 को 23.00 बजे तक
(ix)	ईएमडी की कीमत के लिए मूल दस्तावेजों की प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख	दिनांक 14.11.**2019 को** 13.00 बजे तक ट्रांबे, मुंबई 400 085 स्थित भापअ केंद्र के एफआरडी के अध्यक्ष के पास नॉर्थ गेट पर जमा किया जाएगा। मूल दस्तावेजों को वरीयत: व्यक्तिगत रूप में प्रस्तुत करें। तथापि, डाक अथवा कूरियर द्वारा भेजे गए दस्तावेजों पर भी विचार किया जाएगा यदि वे निर्धारित तारीख एवं समय के भीतर प्राप्त हो जाते हैं।
(x)	भाग 'क' ऑनलाइन खोलने की तारीख एवं समय	**दिनांक 14.11.2019 (15.00 बजे)**
(xi)	पात्र बोलीकर्ताओं के भाग-ख खोलने की तारीख	**बाद में सूचित की जाएगी।**

सूचना, पात्रता मानदंड, शर्तें एवं अनुदेश

सूचना :

2. निविदा दस्तावेज दो भागों अर्थात भाग 'क' (तकनीकी वाणिज्यिक बोली) एवं भाग 'ख' (वित्तीय बोली) में तैयार किया गया है। भाग 'क' में तकनीकी वाणिज्यिक बोली है यथा : खंड I-ई निविदा आमंत्रण सूचना (अंग्रेजी और हिंदी भाषा में), खंड II- करार का प्रपत्र एवं ठेकेदारों के मार्गदर्शन हेतु सामान्य नियम एवं निदेश, ज्ञापन, खंड III- ठेके की सामान्य शर्तें , अतिरिक्त शर्तें, खंड IV- निविदाकारों को विशेष अनुदेश, खंड V-तकनीकी विनिर्देश, खंड VI- टेंडर ड्राइंग्स की सूची, खंड VII- अनुसूची 'क' (विभाग द्वारा आपूर्ति की जानेवाली सामग्रियों की अनुसूची), परिशिष्ट 'क' - बोली प्रतिभूति (बैंक गारंटी), परिशिष्ट 'ख' - निष्पादन प्रतिभूति के लिए बीजी बोंड का प्रपत्र, अनुलग्नक 'क'- कर्मचारियों एवं मशीनरी का विवरण, अनुलग्नक 'ख' - भवन निर्माण सामग्रियों के अनुमोदित निर्माता की सूची एवं अनुसूची 'क' से 'छ' का प्रोफार्मा। भाग 'ख' (वित्तीय बोली) में अनुसूची 'ख'-प्रमात्राओं की अनुसूची है।

भावी बोलीकर्ता या सामान्य जन उक्त दस्तावेजों को वेबसाइट www.tenderwizard.com/DAE - पऊवि की निविदाएं- भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र से नि:शुल्क देख सकते हैं एवं डाउनलोड कर सकते हैं।

निविदा में भाग लेने के लिए, भावी बोलीकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने यूज़र आईडी/ पासवर्ड एवं क्लास III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ वेबसाइट www.tenderwizard.com / DAE के

होमपेज में लॉगइन करने के बाद भाग -क- तकनीकी वाणिज्यिक शीट वाली तकनीकी वाणिज्यिक बोली, अनुलग्नक क, पूरे किए गए समान कार्यों की सूची एवं हाथ में लिए गए कार्यों की सूची और भाग 'ख' - अनुसूची 'ख' वाली वित्तीय बोली के एक्सेल फार्मेट को डाउनलोड करें ।

i) "UNAPPLIED" बटन पर क्लिक करें ।

ii) "REQUST" आईकोन (नीला रंग का बटन) पर क्लिक करें।

iii) निविदा शुल्क के रूप में डीडी के विवरण की प्रविष्टि करें।

iv) निविदा प्रक्रिया शुल्क का ऑन लाइन भुगतान करें।

v) "SUBMIT" बटन पर क्लिक करें।

vi) "IN PROGRESS" बटन पर क्लिक करें।

vii) बोलीकर्ता को स्टेटस कॉलम में RECEIVED की सूचना मिलेगी।

viii) निविदा जमा करने की आखिरी तारीख तक बोलीकर्ता अनगिनत बार "EDIT ATTACHMENT" आईकॉन पर क्लिक करके अपेक्षित निविदा दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं।

भावी बोलीकर्ताओं को एक्सेल दस्तावेज भरने होंगे और उन्हें पुन: नाम (renaming) दिए बिना इसे अपलोड करना होगा। कृपया निविदा के प्रस्तुतीकरण हेतु हेल्प मैन्युअल रेफर करें अथवा एनआईटी के अनुसार हेल्प डेस्क से संपर्क करें ।

निविदा दस्तावेज़- अनुभाग II, III, IV एवं V और निर्माण संरक्षा नियमावली निविदा दस्तावेज का एक भाग है जो वेबसाइट **www.tenderwizard.com/DAE**- डाउनलोड- भापअ केंद्र दस्तावेज पर उपलब्ध है।

उपरोक्त सभी दस्तावेज सफ़लता प्राप्त बोलीकर्ता को कार्य प्राप्त हो जाने के बाद करार का एक भाग होंगे।

पात्रता मानदंड:

3. बोलीकर्ता के पास निम्नलिखित होना चाहिए :

(क) ठेकेदारों के समुचित वर्ग में पंजीयन, यदि कोई हो ।

(ख) निविदा खुलने की तारीख से पूर्व एक वर्ष के भीतर जारी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से कम से कम रू.16,00,000.00 के बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र।

(ग) दिनांक **31** मार्च **2019** को समाप्त पिछले **3** वर्षों के दौरान समान कार्यों पर औसत वार्षिक वित्तीय टर्नोवर कम से कम रू.40,00,**000.00** होना चाहिए।

(घ) **31 मार्च 2019** को समाप्त पिछले 5 वर्षों के दौरान दो वर्ष से अधिक में घाटा नहीं हुआ होना चाहिए।

(च) पिछले 7 वर्षों में किए गए समान कार्यों की सूची। ☐

(छ) कार्यनिष्पादन प्रमाणपत्र।

(ज) समय पर कार्य पूरा करने के लिए निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी, उपस्करों, उपसाधनों तथा अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाएं।

(झ) संगठनात्मक संरचना के साथ आवश्यक तकनीकी स्टाफ

(ट) एम-वैट (टिन नं.) के लिए महाराष्ट्र के बिक्री कर विभाग द्वारा जारी वैध पंजीकरण प्रमाण-पत्र ।

(ठ) स्थायी खाता सं (पेन)।

4. बोलीकर्ता द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले महीने से पूर्व के महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले पिछले **7** (सात) वर्षों में कम से कम प्रत्येक रू16,**00,000/-** के लागत के इसी प्रकार के 03 (**तीन)**

कार्य या कम से कम रू **24,00,000/-** के लागत के इसी प्रकार के 02 **(दो)** कार्य या कम से कम रू **32,00,000/-** के लागत के इसी प्रकार का 01**(एक)** कार्य संतोषजनक रूप से (कार्य के क्लायंट द्वारा निष्पादन प्रमाणपत्र पर आधारित) पूरा किया हो और उपयुक्त समान कार्य यदि केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केंद्र या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ केंद्रीय स्वायत्त निकाय केंद्र/राज्य सरकार द्वारा राज्य स्वायत्त निकाय के साथ पूरा नहीं किया गया है तो बोलीकर्ता द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाए।

इस प्रयोजन हेतु "कार्य की लागत" का तात्पर्य है पूरे हुए कार्य की सकल लागत जिसमें सरकार/क्लायंट द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्रियों की लागत शामिल हैं, लेकिन इसमें नि:शुल्क आपूर्ति की गयी सामग्री शामिल नहीं होगी। इसी प्रकार के कार्य का तात्पर्य है **" " औद्योगिक सफाई कार्य ।"**

5. निष्पादित कार्य के मूल्य को 7% प्रति वर्ष की सामान्य दर पर कार्य की वास्तविक मूल्य में वृद्धि करते हुए वर्तमान लागत स्तर तक लाया जाएगा जिसका परिकलन, पूर्णता की तारीख से निविदा दस्तावेजों की खरीद/डाउनलोड हेतु अनुरोध प्राप्त करने की आखिरी तारीख तक किया जाएगा।

6. ठेकेदार की बोली क्षमता निविदा में दिए गए कार्य की अनुमानित लागत के समतुल्य या उससे अधिक होनी चाहिए। बोली क्षमता का हल निम्नलिखित सूत्र द्वारा निकाला जाएगा

बोली क्षमता = [A x Nx 2] - B

जहां

A = पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी भी एक वर्ष में निष्पादित निर्माण कार्यों का मूल्य जिसमें पूर्ण कार्य तथा प्रगति पर कार्य दोनों को ध्यान में रखा जाएगा।

N = जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता के लिए निर्धारित वर्ष की संख्या।

B = विद्यमान प्रतिबद्धताओं एवं जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता की अवधि के दौरान पूर्ण होने वाले चालू कार्यों का मूल्य।

7. **बोलीकर्ता भारत में एक पंजीकृत फर्म होना चाहिए। संयुक्त उद्यम तथा /अथवा कंसोर्टियम स्वीकार्य नहीं है।**

शर्तें

8. निविदा, के भाग 'क' (तकनीकी वाणिज्यिक बोली) के खुलने के पश्चात, मुख्य अभियंता/ सह निदेशक, एनआरजी द्वारा एक निरीक्षण दल गठित किया जाएगा जिसके द्वारा निम्नलिखित आधार पर निविदाकारों के चयनित चालू कार्य क्षेत्रों/संपूर्ण किये गये कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा ताकि निविदाकारों की क्षमता का मूल्यांकन किया जा सके :-

क) वित्तीय क्षमता एवं पिछले 5 वर्षों के दौरान उनका टर्नओवर।

ख) संबंधित कार्य के संदर्भ में कंपनी की तकनीकी क्षमताएं।

ग) पिछले 7 वर्षों के दौरान निविदाकार द्वारा निष्पादित कार्यों का स्वरूप।

घ) कंपनी की संगठनात्मक संरचना ।

च) कंपनी द्वारा संबंधित कार्य करने हेतु अपेक्षित आवश्यक संसाधन।

छ) समय एवं गुणवत्ता की सजगता।

ज) असंगत दावे एवं विवाद करने की कंपनी की प्रवृत्ति ।

झ) क्षेत्र नियोजन क्षमता।

ट) कंपनी की कार्य को बैक टू बैक/उप किरायेदारी पर सौंपने की प्रवृत्ति

9. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लागू सुरक्षा प्रक्रिया के अनुसार, कार्य शुरू करने से पहले भापअ केंद्र के सुरक्षा अनुभाग द्वारा ठेकेदारों की जांच की जाएगी।

10. भाग- 'क' खुलने के बाद निविदा में किसी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी

11. किसी शर्त या सशर्त छूट वाली निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। फिर भी जिन निविदाओं में बिना किसी शर्त के छूट दी गई हो उन्हें स्वीकार किया जाएगा।

12. यदि आवेदक द्वारा दी गई कोई भी सूचना बाद में गलत पाई जाती है तो उन्हें भापअ केंद्र में भविष्य में हमेशा के लिए निविदाकरण/कोई भी कार्य करने से रोक दिया जाएगा। यदि
कार्य शुरू करने से पहले भी किसी भी उल्लंघन की सूचना, विभाग को प्राप्त होती है तो प्रभारी अभियंता ईएमडी/निष्पादन गारंटी को पूर्ण रूप से जब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

13. कार्य को पूरा करने की अवधि की गणना कार्य शुरू करने के लिए लिखित आदेश मिलने के 15वें या कार्य स्थल की सुपुर्दगी के पहले दिन, जो भी बाद में हो, से निविदा दस्तावेजों में यथा उल्लिखित, यदि कोई हो, चरणबद्ध तरीके के अनुसार होगी ।

14. निविदा को निविदा के ऑन लाइन प्रस्तुतीकरण के बंद होने की आखरी तारीख से **180 (एक सौ अस्सी)** दिनों तक वैध रखा जाएगा।

15. यदि निविदा दस्तावेज की कीमत, निविदा प्रक्रिया शुल्क, ईएमडी के लिए मूल दस्तावेज प्राप्त करने की तथा निविदा खुलने की अंतिम तारीख को छुट्टी घोषित की जाती है तो उक्त तारीख को तदनुसार आगे के कार्य दिवस तक स्थगित माना जाएगा।

16. बयाना राशि जमा के लिए यथा लागू सावधि जमा रसीद/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/पे ऑर्डर तथा बैंक गारंटी की मूल प्रति तथा निविदा प्रक्रिया शुल्क के रूप में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किए गए ई-भुगतान की रसीद की मूल प्रति को उपरोक्त स्थान, तारीख और समय पर प्रस्तुत करना होगा अन्यथा निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा और आगे की प्रक्रिया नहीं की जाएगी।

17. **बयाना राशि जमा/निविदा दस्तावेज की कीमत/निविदा प्रक्रिया शुल्क के लिए चैक स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

18. ठेकेदार, जिसकी निविदा स्वीकृत की गयी है, द्वारा उनके ठेके की विधिवत पूर्ति हेतु प्रतिभूति जमा के रूप में कार्य के निविदा मूल्य के **5%** की राशि प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने से पहले ठेके के निवेदित मूल्य के **5%** की समतुल्य राशि को निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा जो कार्य के प्रारंभ करने की निर्धारित तारीख के बाद नहीं किया जा सकता है। **5%** की निष्पादन प्रतिभूति को बैंक गारंटी (यदि निष्पादन प्रतिभूति ` 1.00 लाख से अधिक हो तो), अनुसूचित बैंक की आवधिक जमा पावती या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी। बोली के साथ प्रस्तुत ईएमडी को पूर्वोक्त कार्यनिष्पादन गारंटी प्राप्त होनेके बाद लौटा दिया जाएगा।

19. प्रतिभूति जमा, ठेकेदारों की चालू बिल की सकल राशि से 2.5% की दर से कटौती द्वारा तब तक वसूली जाएगी जब तक यह राशि कार्य के निवेदित मूल्य का 2.5% न हो जाए। प्रतिभूति जमा, सरकारी प्रतिभूतियां, अनुसूचित बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक की आवधिक जमा पावतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी। इन्हें लेखा अधिकारी, भापअ केंद्र, मुंबई के नाम पृष्ठांकित की जाएगी।

20. **यदि सफल निविदाकार कार्य प्रारंभ करने की अनुबंधित तारीख को या उससे पहले निर्धारित निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो विभाग (भापअ केंद्र) किसी**
अन्य अधिकार या उपाय पर बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के, उक्त बयाना राशि को पूर्ण रूप से जब्त कर सकता है।

21. निविदा की स्वीकृति विभाग के पास सुरक्षित है जो सबसे कम मूल्य की निविदा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं है एवं इसके पास किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार है। वे सभी निविदाएं, जिनमें निर्धारित शर्तें पूरी न की गयी हों अथवा जो किसी भी दृष्टि से अपूर्ण होंगी उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

22. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश करना सख्त मना है, जो ठेकेदार सिफ़ारिश करेगा उसकी निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।

23. निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार द्वारा उन प्राधिकृत प्रतिनिधियों के नामों की सूचना प्रभारी अभियंता को दे दी जाए, जो प्रभारी अभियंता से निर्देश लेने के लिये जिम्मेदार होंगे।

24. विभाग समस्त निविदा अथवा निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं निविदाकार अपने द्वारा दी गयी दर पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं।

25. i) ठेकेदार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए और कार्य के विषय पर विस्तृत आदेश के अनुसार यथा लागू जीएसटी का भुगतान संबंधित कर प्राधिकारियों को ठेकेदार द्वारा किया जाएगा।

ii) कोट की गई दरों में जीएसटी/अन्य कर शामिल होंगे और इनका भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाएगा तथा इस संबंध में किए गए किसी भी दावे पर भापअ केंद्र द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

iii) ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल में से किए गए कार्य के सकल मूल्य के 1% की दर पर श्रम कल्याण उपकर काटा जाएगा।

iv) ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल में से यथा लागू आय कर एवं उप कर काटे जाएंगे।

v) ठेकेदार को ईपीएफ और ईएसआईसी के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए तथा नियमानुसार अथवा यदि विभाग की मांग है तो ठेकेदार ठेके के कामगारों के इ्पीएफआर ईपीआईसी का भुगतान संबंधित विभाग को करेगा और जब विभाग इस बात से संतुष्ट हो जाए कि इसका भुगतान वास्तव में और सही रूप से कर दिया गया है तो विभाग ठेकेदार को इसकी प्रतिपूर्ति कर देगा। बोलीकर्ता अपनी दरों में ईपीएफ और ईएसआईएसी पर विचार नहीं करेगा।

vi) सरकारी निदेशों के अनुसार कोई अन्य कर/उपकर की कटौती, ठेकेदार को समय-समय पर भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल में से की जाएगी।

26. यदि कोई निविदाकार वैधता अवधि के भीतर निविदा वापस लेता है अथवा निविदा की निबंधनों और शर्तों में ऐसे संशोधन करता है **जो कि विभाग को मान्य न हो तो सरकार अन्य किसी अधिकार या कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना** संपूर्ण बयाना राशि की 50%(पचास प्रतिशत) धनराशि को ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी।
इसके अतिरिक्त, निविदाकार को पुन: निविदाकरण प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

27. यह ई-निविदा आमंत्रण सूचना, निविदा दस्तावेज, निर्माण संरक्षा नियमावली, तकनीकी विनिर्देश तथा वेबसाइट पर उपलब्ध निविदाकरण के लिए दी गई सूचना एवं अनुदेश, ठेका दस्तावेज का एक भाग होगा।

28. सफल निविदाकार को कार्य सौंपने के पश्चात, ठेकेदार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समय सारणी एवं नकदी प्रवाह विवरण प्रस्तुत करेगा जो करार का एक भाग होगा।

29. **जिन सफल बोलीकर्ता की निविदा स्वीकार की जाती है उन्हें बीएआरसी के अंदर काम करने वाले अपने सभी कार्मिकों जैसे: इंजीनियरों, पर्यवेक्षकों एवं मजदूरों का अपने खर्चे पर पुलिस की विशिष्ट शाखा द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीवीसी) प्राप्त करना आवश्यक होगा और जिसे तदनुसार ही कोट किया जाए।**
सुरक्षा जांच के बाद यदि ठेकेदार/कंपनी/फर्म/प्रोपराइटर और/अथवा उसके ठेके के कार्मिकों के विरुद्ध कोई प्रतिकूल चार्टर तथा पूर्ववृत्त की अभ्युक्ति/अधिसूचना प्राप्त होती है तो भापअ केंद्र, बिना कोई कारण बताए/बिना 'कारण बताओ सूचना' जारी किए तुरंत ठेके को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी परिस्थिति में ठेकेदार के पास यह अधिकार नहीं होगा कि भापअ केंद्र द्वारा की गई उपरोक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप यदि उसका कोई नुकसान/देयता हो तो उसकी भरपाई के लिए वह दावा करे। पऊवि/भापअ केंद्र द्वारा समय-समय पर जारी सुरक्षा अनुदेश का पालन ठेकेदार द्वारा नहीं करने पर भापअ केंद्र के पास यह
अधिकार होगा कि वह सरकार के पास जमा निष्पादन प्रतिभूति और/अथवा प्रतिभूति जमा आंशिक अथवा पूर्ण रूप से जब्त कर ले।
अनुदेश

30. ठेकेदार **www.tenderwizard.com/DAE** के साथ पंजीकृत होना चाहिए। जो ठेकेदार ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर पंजीकृत नहीं होंगे, उन्हें पंजीकृत होने की आवश्यकता है। यदि आवश्यक हो, वेबसाइट पर उपलब्ध ब्योरे के अनुसार, उन्हें ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

31. इच्छुक बोलीकर्ता के पास निविदा दस्तावेज खरीदने/डाउनलोड (एक्सेल/वर्ड फार्मेट) करने के लिए वैध क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर होना चाहिए।

32. यथासूचित ईएमडी तथा अन्य दस्तावेज़ों की कीमत हेतु किसी अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट अथवा पे ऑर्डर अथवा बैंकर्स चेक अथवा सावधि जमा रसीद एवं बैंक गारंटी एवं यथा विनिर्दिष्ट अन्य दस्तावेज अपलोड करने के बाद ही बोली प्रस्तुत की जा सकती है।

33. उपरोक्त उल्लिखित समय तथा तारीख तक निविदाएं ऑनलाइन प्राप्त हो जानी चाहिए। उपरोक्त उल्लिखित समय एवं तारीख पर भाग 'क' खोली जाएगी। सर्वप्रथम निविदा दस्तावेज का मूल्य, निविदा प्रक्रिया शुल्क की रसीद एवं ईएमडी की जांच की जाएगी। यदि इन्हें सही पाया गया तो भाग 'क' खोला जाएगा। भाग 'क' खोलने के पश्चात,
मूल्यांकन के लिए ठेकेदार के जारी /पूर्ण किए गए कार्य क्षेत्र एवं कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा और उनके दस्तावेजों से संबंधित तकनीकी वाणिज्यिक बोली का मूल्यांकन किया जाएगा और तदनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदाकारों को योग्य/ अयोग्य घोषित किया जाएगा। तब योग्यता प्राप्त सफल निविदाकारों की निविदा के भाग 'ख' (वित्तीय बोली) को अधिसूचित तारीख एवं समय पर खोला जाएगा। भाग 'ख' (वित्तीय बोली) खुलने की तारीख की सूचना सभी बोलीकर्ताओं को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी।

34. निविदा खुलने की तारीख के दिन, ठेकेदार लॉग इन करके बोली खुलने के बाद उसकी स्थिति देख सकते हैं।

35. ठेकेदार प्रत्येक मद की दर कोट करना सुनिश्चित करें। अंकों में दर कोट करने वाला कॉलम पीले रंग का है तथा जैसे ही दर की प्रविष्टि हो जाती है, यह **आसमानी नीला** रंग में बदल जाएग। इसके अतिरिक्त, कोई भी सेल चुनते (सिलेक्ट) समय एक चेतावनी दिखाई देगी कि यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है तो उसे "O" (शून्य) समझा जाएगा। इसलिए यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है और बोलीकर्ता कोई दर कोट नहीं करता है तो उस मद की दर "O" (शून्य) समझी जाएगी।

36. मूल प्रति से स्कैन किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची जिन्हें बोलीकर्ता द्वारा बोली प्रस्तुतीकरण की अवधि के भीतर अपलोड करना है :-

(i) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वित्तीय कारोबार।

(ii) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित लाभ एवं हानि विवरण।

(iii) नवीनतम बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र।

(iv) निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी की सूची।

(v) तकनीकी कर्मचारियों की सूची।

(vi) प्रमाणपत्र :

क. पंजीयन प्रमाणपत्र, यदि कोई हो तो।

ख. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र/निष्पादन प्रमाणपत्र।

ग. बिक्री कर/वैट/डब्ल्यू सीटी के लिए पंजीयन प्रमाणपत्र।

घ. टिन पंजीयन प्रमाणपत्र।

च. पैन (स्थायी खाता संख्या) पंजीयन

vii. निविदा प्रक्रिया शुल्क की कीमत के लिए इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से ई-भुगतान ।

viii. **ईएमडी के लिए** किसी अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट/पीओ/एफडीआर अथवा बीसी हो।

ix. **ईएमडी,** यदि कोई है, के लिए किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी ।

x. यह वचन (अंडरटेकिंग) कि इसी प्रकार का कार्य बैक टू बैक आधार पर दूसरे ठेकेदार के माध्यम से निष्पादित नहीं कराया गया है।

xi. खंड II तथा ठेके की सामान्य शर्तों के खंड (क्लाउज) 11 के अनुसार वचन (अंडरटेकिंग)।

xii. यह वचन कि निविदाओं की बिक्री के बाद तकनीकी वाणिज्यिक बोली में यथानिर्दिष्ट विभाग द्वारा जारी बोली पूर्व स्पष्टीकरण डाउनलोड किया जाएगा (यदि लागू हो)।

टिप्पणी : बोली मूल्यांकन के दौरान यदि कोई दस्तावेज नहीं पाया जाता है तो निरीक्षण समिति उसे प्रस्तुत करने के लिए कह सकती है।

37. **बोलीकर्ता को निम्नलिखित भरना है:**

क) भाग 'क' (तकनीकी – वाणिज्यिक बोली)।

ख) कार्य के लिए प्रस्तावित मानवशक्ति एवं मशीनरी (अनुलग्नक 'क')।

ग) पिछले सात वर्षों के दौरान पूर्ण समान कार्यों की सूची।

घ) चालू कार्यों की सूची

च) अनुसूची 'ख' (कीमत बोली-प्रमात्राओं की अनुसूची)

टिप्पणी:

1 . पंजीकृत ठेकेदार ही आवश्यक शुल्क का भुगतान करने के बाद निविदा खरीद/डाउनलोड एवं प्रस्तुत/अपलोड कर सकते हैं।

2. निविदा दस्तावेज में जहां कहीं भी एएंडसीईडी का उल्लेख हो वहां कृपया एफआरडी, एनआरजी पढ़ा जाए।

3. निविदा दस्तावेज में जहां भी परियोजना अभियंता/अधीक्षक अभियंता/मुख्य अभियंता का उल्लेख हो वहां कृपया प्रभारी अभियंता/प्रभागाध्यक्ष/निदेशक, एनआरजी/मुख्य अभियंता, एनआरजी पढ़ा जाए।

4 . इच्छुक एजेंसियां पंजीकरण हेतु **www.tenderwizard.com/DAE** वेबसाइट देख सकते हैं।

5. किसी प्रकार की सहायता/स्पष्टीकरण के लिए (022) 25593101/25593123 पर संपर्क करें।
ई निविदाकरण में पंजीयन एवं सहभागिता हेतु सहायता के लिए निम्न व्यक्तियों से संपर्क करें : 09969395522 /09969313423 /08879375522 अथवा ई मेल : **daehelpdesk@tenderwizard.com**
इच्छुक एजेंसियां पंजीकरण हेतु **www.tenderwizard.com/DAE** वेबसाइट देख सकते हैं।

6. **यदि एनआईटी के अंग्रेजी एवं हिंदी पाठ के बीच कोई अंतर हो तो अंग्रेजी पाठ को सही माना जाए।**

7. बोलीपूर्व प्रश्न भेजने के लिए ई मेल आईडी
सेवा में – **pmm@barc.gov.in**
प्रतिलिपि- **nkraju@barc.gov.in**
कृपया नोट करें कि भापअ केंद्र में प्रवेश के लिए फोटो-पहचान (पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेन्स, मतदाता पहचान पत्र, नियोक्ता द्वारा जारी पहचान पत्र, आदि) की आवश्यकता होगी। बोलीकर्ता द्वारा फोन 25593123/25593101 पर पूर्व अनुमति लेना जरूरी है ताकि भापअ केंद्र में प्रवेश हेतु व्यवस्था की जा सके।

अध्यक्ष, एफआरडी, नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से